# खास-खबरें

## कांग्रेस ने शुरू किया 'छात्रों की गूंज' अभियान 25 जून से होंगे विभिन्न कार्यक्रम




**नईदुनिया, प्रतिनिधि, मंदसौरः** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर युवक कांग्रेस एवं एनएसयूआई द्वारा 25 जून से 9 अगस्त तक देशव्यापी 'छात्रों की गूंज' अभियान चलाया जाएगा। इसकी जानकारी मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर ने दी। महेंद्रसिंह गुर्जर ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में कोचिंग, हॉस्टल, भोजन और अध्ययन सामग्री पर होने वाला खर्च आम परिवारों के लिए बड़ा आर्थिक बोझ बन गया है। उन्होंने दावा किया कि नीट परीक्षा की तैयारी में विद्यार्थियों और उनके परिवारों पर भारी आर्थिक भार पड़ता है। जिला कांग्रेस संगठन महासचिव अजय लोढ़ा ने कहा कि अभियान के तहत छात्रों और अभिभावकों से सुझाव भी लिए जाएंगे। प्रेस वार्ता में शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश पटेल, कांग्रेस नेता प्रवीण मांगरिया तथा सम्यक जैन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 113 महिलाओं के बने निःशुल्क लर्निंग लाइसेंस




**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** जिला परिवहन कार्यालय द्वारा आयोजित निशुल्क लर्निंग लाइसेंस शिविर में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और 113 महिलाओं के लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। यह जानकारी जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा ने दी है। शिविर में महिलाओं ने आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र एवं जन्मतिथि संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत कर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण की।

## धौलपुर की बेटी दीपिका जाट बनीं फूड इंस्पेक्टर, क्षेत्र का बढ़ाया गौरव



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरूंदाः** बुधनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धौलपुर की बेटी दीपिका जाट ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की फूड इंस्पेक्टर परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर कठिन परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर हासिल की गई इस सफलता को क्षेत्र के लोगों ने प्रेरणादायक बताया है। दीपिका की उपलब्धि पर कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं बुधनी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विक्रम मस्ताल शर्मा (हनुमान) उनके निवास पहुंचे और उन्हें पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया।

## जनसुनवाई में 260 में से 145 आवेदनों का हुआ निराकरण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा आयोजित जनसुनवाई में 260 आवेदकों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से 145 आवेदनों का मौके पर निराकरण हुआ। जनसुनवाई में राजस्व, सामाजिक न्याय, बिजली, पेयजल, पेंशन, भूमि विवाद, आवास, आर्थिक सहायता, सीमांकन, कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने इसके साथ ही जिले की विभिन्न तहसीलों व ग्रामो से जनसुनवाई में जिला मुख्यालय पहुंचे आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े खंड स्तरीय अधिकारियों को आवेदकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही हल करने हेतु निर्देशित किया।

# राजस्व कार्यों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें, हितग्राही न हों परेशान : कलेक्टर

### एआई टूल्स का उपयोग करें, किसानों को खाद के लिए न हो परेशानी, फॉर्मर आईडी निर्माण में लाएँ तेजी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित राजस्व कार्यों, लंबित प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन, भू-अर्जन, किसान हित से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही आगामी मोहर्रम पर्व को दृष्टिगत रखते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाऐ रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीमांकन, नामांतरण एवं बंटवारा जैसे राजस्व प्रकरणों का नियमानुसार गंभीरता से निराकरण किया जाए तथा आमजन को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई जाए।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण करना प्रशासन का प्रमुख दायित्व है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों के निराकरण का प्रतिशत बढ़ाएं, जिले को प्रदेश की रैंकिंग में शीर्ष 10 जिलों में बनाए रखे तथा नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। उन्होंने राजस्व कार्यों को अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए एआई आधारित तकनीकी उपकरणों के उपयोग पर भी




विशेष जोर दिया।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में जिले ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। 15 जून की तुलना में 23 जून को समस्त राजस्व प्रकरणों के निराकरण का प्रतिशत 59.50 से बढ़कर 64.45 प्रतिशत हो गया है तथा प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जिला 11वें स्थान से सुधरकर 9वें स्थान पर पहुंच गया है। वहीं सीमांकन प्रकरणों के निराकरण में 69.58 प्रतिशत से बढ़कर 78.84 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई है तथा रैंकिंग 20 से सुधरकर 17 हो गई है। नामांतरण प्रकरणों में भी निराकरण प्रतिशत 51.55 से बैठक में यह भी बताया गया कि संभागीय स्तर पर सीहोर जिला राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। जिले का डिस्पोजल प्रतिशत 64.45 दर्ज किया गया है, जो संभाग के अन्य जिलों से बेहतर है।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 100 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर विशेष ध्यान दिया जाए और शिकायतकर्ताओं को संतुष्टिपूर्वक राहत प्रदान की जाए। किसानों से जुड़े विषयों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में खाद वितरण व्यवस्था पूरी तरह सुचारू रहे। किसानों को खाद के लिए किसी प्रकार की रेशानी न हो, इसके लिए निजी विक्रेताओं के साथ समन्वय बनाकर पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा लगातार निगरानी रखी जाए। उन्होंने सभी किसानों की फॉर्मर आईडी अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश भी दिए।

भू-अर्जन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण तथा नागरिकों को समय पर लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। आगामी मोहर्रम पर्व को देखते हुए उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को शांति समिति की बैठकें आयोजित करने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा डीजे की तेज आवाज से होने वाली असुविधा और माहौल खराब होने की आशंका को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित राजस्व अधिकारी उपस्थित थे। सभी तहसील एवं जनपद स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

## एडिप योजना शिविर में 50 दिव्यांगजनों का हुआ चिन्हांकन

**गंजबासौदा।** नगर पालिका परिषद परिसर में मंगलवार को एडिप योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर के विभिन्न वार्डों से आए 50 दिव्यांगजनों का चिन्हांकन किया गया, ताकि उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उनका जीवन अधिक सुगम एवं आत्मनिर्भर बनाया जा सके। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उनकी आवश्यकता के अनुसार उपकरणों के लिए पंजीयन एवं चिन्हांकन किया। योजना के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को भविष्य में आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीतू रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, चिकित्सक दल तथा नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि यादव ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी अतिथियों, चिकित्सक दल एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐसे शिविर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## पीटीजी वनरक्षक भर्ती 2026 के लिए पैदल चाल परीक्षा आयोजित



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** विशेष पिछड़ी आदिम जनजाति (पीटीजी) वर्ग के लिए वनरक्षक भर्ती वर्ष 2026 के अंतर्गत मंगलवार को पैदल चाल परीक्षा का आयोजन किया गया। यह आयोजन वनमण्डलाधिकारी सामान्य रायसेन श्रीमती प्रतिभा शुक्ला के निर्देशन में प्रातः 5:30 बजे संपन्न हुआ।

अभ्यर्थियों को वनमण्डल कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया तथा निर्धारित मार्ग पूरा करने के बाद पैदल चाल का समापन पुनः वनमण्डल कार्यालय पर हुआ। भर्ती प्रक्रिया के तहत वनरक्षक के 10 रिक्त पदों के लिए पांच गुना अनुपात में 50 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे। प्रथम चरण में अभिलेख परीक्षण एवं शारीरिक माप प्रक्रिया आयोजित की गई थी।

पैदल चाल परीक्षा में पुरुष अभ्यर्थियों के लिए 25 किलोमीटर तथा महिला अभ्यर्थियों के लिए 14 किलोमीटर की दूरी निर्धारित की गई, जिसे चार घंटे की समय सीमा में पूरा करना था। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न अधिकारियों के पांच दल गठित किए गए थे। मार्ग पर 3.5, 7, 10 और 12.5 किलोमीटर के प्रमुख जांच बिंदु भी बनाए गए थे।

## जताखेड़ा के पास अनियंत्रित होकर पलटा चावल से भरा ट्रक, धू-धू कर जला

**सीहोर।** इंदौर-भोपाल हाईवे पर मंगलवार को उस समय अफरा तफरी मच गई, जब जताखेड़ा के पास चावल से लदा एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। ट्रक के पलटते ही उसमें भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे ट्रक में भरा भारी मात्रा में चावल और वाहन का एक बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। ट्रक के ड्राइवर और क्लीनर ने समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार ट्रक इंदौर से भोपाल की ओर जा रहा था। जैसे ही ट्रक जताखेड़ा के समीप पहुंचा, तभी अचानक चालक वाहन पर से अपना संतुलन खो बैठा। रफ्तार अधिक होने के कारण ट्रक लहराया और सड़क के बीचों-बीच पलट गया।

## जबलपुर एयरपोर्ट का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर रखने की मांग

**नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुरः** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर जबलपुर एयरपोर्ट का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर रखने के प्रस्ताव को केंद्र सरकार से स्वीकृति दिलाने का आग्रह किया है।

इस अवसर पर परिवहन एवं स्कूली शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, राज्य मंत्री लखन पटेल, पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेंद्र लोधी तथा चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने भी प्रस्ताव का समर्थन किया।

राकेश सिंह ने बताया कि उनके प्रयासों से यह प्रस्ताव मध्यप्रदेश विधानसभा से पारित होकर केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है। अब इसे स्वीकृति दिलाने के लिए



मुख्यमंत्री से आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया गया है।

उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती जनजातीय गौरव, वीरता और नारी शक्ति की प्रतीक हैं। उन्होंने अपने जीवनकाल में अनेक युद्धों का नेतृत्व किया और गोंडवाना साम्राज्य को सशक्त बनाया। जल प्रबंधन और कृषि व्यवस्था में उनके योगदान को भी उल्लेखनीय बताया जाता है। मंत्री ने कहा कि जबलपुर एयरपोर्ट का नाम रानी दुर्गावती के नाम पर रखा जाना मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय होगा और इससे जनजातीय समाज के सम्मान को भी नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त करते हुए शीघ्र निर्णय के लिए आवश्यक पहल का आश्वासन दिया है।

## 350 वर्ष पुरानी हस्तलिखित गुरु ग्रंथ साहिब का डिजिटलीकरण, ज्ञान भारतम मिशन से जुड़ी

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'ज्ञान भारतम मिशन' के अंतर्गत देश की प्राचीन पांडुलिपियों और दुर्लभ ग्रंथों के संरक्षण एवं डिजिटलीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में गंजबासौदा के कपूर परिवार के पास सुरक्षित लगभग 350 वर्ष पुरानी हस्तलिखित गुरु ग्रंथ साहिब का डिजिटलीकरण कर उसे ज्ञान भारतम ऐप से जोड़ा गया है।

सदर बाजार स्थित चाचा वाली गली निवासी शिव कपूर एवं छोटू कपूर परिवार के पास संरक्षित यह दुर्लभ ग्रंथ गुरुमुखी भाषा में हस्तलिखित है। लगभग 750 पृष्ठों वाला यह दस्तावेज धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। परिवार के अनुसार यह पवित्र ग्रंथ उनके पूर्वज भारत-पाकिस्तान विभाजन के समय पाकिस्तान से अपने साथ भारत लेकर आए थे और तब से इसे श्रद्धा एवं सावधानीपूर्वक संरक्षित किया जा रहा है।

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन एवं एसडीएम अनुभा जैन के मार्गदर्शन में इस अमूल्य धरोहर का डिजिटलीकरण किया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे ग्रंथ की दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी तथा शोधकर्ताओं, इतिहासकारों और



भावी पीढ़ियों को इसके अध्ययन का अवसर प्राप्त होगा। प्रशासन ने बताया कि जिले में निजी एवं सार्वजनिक संग्रहों में संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों और ऐतिहासिक दस्तावेजों की पहचान कर उन्हें ज्ञान भारतम मिशन से जोड़ा जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने कपूर परिवार की इस पहल की सराहना करते हुए इसे भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## कांग्रेस की बैठक में आज प्रभारी सचिव संजय दत्त होंगे शामिल



**रायसेन।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिव संजय दत्त की विशेष उपस्थिति में बुधवार 24 जून को जिला कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक प्रातः 11 बजे सांची मार्ग स्थित होटल देव प्लाजा, कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने आयोजित होगी। बैठक में विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र पटेल सहित जिले भर के विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष, कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सदस्य शामिल होंगे। जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित इस बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों एवं कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। साथ ही जिले की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं और विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

## चंदेरी में 50 बिस्तर सिविल अस्पताल निर्माण की राह साफ, जनपद और कृषि विभाग कार्यालय हुए शिफ्ट

**नईदुनिया प्रतिनिधि, चंदेरीः** चंदेरी में लंबे इंतजार के बाद 50 बिस्तर सिविल अस्पताल के उन्नयन की प्रक्रिया अब गति पकड़ती नजर आ रही है। वर्ष 2019 में स्वीकृत अस्पताल निर्माण के लिए वर्तमान अस्पताल परिसर को ही चुना गया है। इसके लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं और अस्पताल परिसर में आने वाले अन्य कार्यालयों को दूसरी जगह स्थानांतरित किया जा रहा है।

क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा पिछले दिनों अशोकनगर प्रवास के दौरान चंदेरी अस्पताल का निर्माण वर्तमान परिसर में ही कराने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद कलेक्टर अशोकनगर ने प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए संबंधित विभागों को शिफ्ट करने के निर्देश जारी किए। इसी क्रम में जनपद पंचायत चंदेरी कार्यालय को मुंगावली रोड स्थित बीएसएनएल कार्यालय के पास छात्रावास भवन में स्थानांतरित किया गया है, जबकि कृषि विभाग कार्यालय को राजघाट रोड स्थित कुमकुम तलैया के पास बीआरसी भवन में शिफ्ट किया गया है। इसके अलावा अस्पताल परिसर और डेनिडा कॉलोनी के आवासीय क्वार्टर खाली कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

चंदेरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 30 बिस्तर से बढ़ाकर 50 बिस्तर सिविल अस्पताल में उन्नयन करने की स्वीकृति वर्ष 2019 में मध्यप्रदेश स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा दी गई थी। इसके लिए वर्ष 2023 में 11 करोड़ 34 लाख रुपये की राशि भी जारी की गई थी। हालांकि स्थान चयन को लेकर लंबे समय तक प्रक्रिया अटकी रही। अब वर्तमान अस्पताल परिसर में निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। अस्पताल के उन्नयन के साथ ही स्थानीय नागरिकों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरने की मांग भी उठाई है।


## सागौन तस्करी का खुलासाः 12 सिल्लियाँ बरामद; दूसरी ओर 10.125 हेक्टेयर वन भूमि अतिक्रमण से मुक्त

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** तहसील क्षेत्र में एक ओर सागौन तस्करी का मामला सामने आया है, वहीं दूसरी ओर वन विभाग ने अतिक्रमण हटाकर वन भूमि को मुक्त कराने की कार्रवाई की है। इन दोनों घटनाओं ने वन संरक्षण और निगरानी व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

मंगलवार को ग्राम नंदगांव स्थित अंबर नदी के समीप सड़क किनारे खड़ी एक बोलेरो पिकअप से 12 नग सागौन की सिल्लियां बरामद की गईं। बताया जा रहा है कि वाहन की क्लच प्लेट खराब होने के कारण वह बीच रास्ते में बंद हो गया था। सूचना मिलने पर भैरूंदा पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर वन विभाग के सुपुर्द कर दिया। हालांकि वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

क्षेत्र में यह पहला मामला नहीं है। अक्सर लकड़ी से भरे वाहन तो पकड़े जाते हैं, लेकिन तस्कर कार्रवाई से बच निकलते हैं। ऐसे





में जंगल क्षेत्रों और प्रमुख मार्गों पर निगरानी व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल उठ रहे हैं।

इधर, वर्षा ऋतु के दौरान वन भूमि पर अतिक्रमण रोकने के लिए वन विभाग ने विशेष अभियान चलाया। वनमंडल अधिकारी सीहोर अर्चना पटेल के निर्देश पर लाड़कुई वन परिक्षेत्र में वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाश चंद्र उईके के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए नयापुरा और रफीगंज परिसर में लगभग 10.125 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। विभाग के अनुसार नौ अतिक्रमणकारियों ने पालवा सफाई, हल-बखर चलाने और फसल बोने के माध्यम से कब्जा करने का प्रयास किया था।

एसडीओपी रोशन कुमार जैन** ने बताया कि नीलकमल ढाबे के पास लावारिस पिकअप मिलने की सूचना पर कार्रवाई की गई थी। तलाशी के दौरान 12 सागौन सिल्लियां बरामद हुईं, जिसके बाद वाहन को वन विभाग को सौंप दिया गया।

### जंगलों के सामने दोहरी चुनौती

वन विशेषज्ञों के अनुसार जंगलों के लिए अतिक्रमण और अवैध कटाई दोनों ही गंभीर खतरे हैं। एक तरफ वन भूमि पर कब्जे की कोशिशें हो रही हैं, वहीं दूसरी तरफ बहुमूल्य सागौन की तस्करी के मामले सामने आ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि वन संरक्षण के लिए अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ लकड़ी तस्करी के नेटवर्क पर भी प्रभावी कार्रवाई आवश्यक है।

**स्पेशल खबर** | पांच दमकलों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू, लाखों के नुकसान की आशंका

## काल भैरव मंदिर के सामने आग से चार दुकानें जलकर खाक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** उज्जैन विश्व प्रसिद्ध काल भैरव मंदिर के सामने मंगलवार तड़के भीषण आग लगने से पूजन सामग्री की चार दुकानें जलकर खाक हो गईं। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में आसपास की दुकानें भी इसकी चपेट में आ गईं। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार आगजनी में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

जानकारी के मुताबिक सुबह करीब 5 से 5:30 बजे के बीच मंदिर के सामने स्थित एक पूजन सामग्री की दुकान से आग की लपटें उठती दिखाई दीं। दुकानों में बड़ी मात्रा में पूजन सामग्री और ज्वलनशील सामान रखा होने के कारण आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते चार दुकानें इसकी चपेट में आ गईं। आग लगते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।



आसपास के लोगों और दुकानदारों ने शुरुआती स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता के कारण सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद तत्काल फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी गई।

**पांच दमकलों की मदद से आग पर काबूः** सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पांच दमकल वाहनों और पानी के टैंकर की सहायता से आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। दमकलकर्मियों ने लगातार करीब एक घंटे तक प्रयास कर आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया। आग की लपटें पास स्थित एक पेड़ तक पहुंच गई थीं, लेकिन समय रहते उसे भी सुरक्षित बचा लिया गया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। समय रहते आग पर काबू पा लेने से आसपास की अन्य दुकानों और मंदिर क्षेत्र को बड़े नुकसान से बचा लिया गया।

**बड़ा हादसा टलाः** काल भैरव मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। राहत की बात यह रही कि आग तड़के उस समय लगी, जब मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ शुरू नहीं हुई थी। यदि घटना दर्शन के व्यस्त समय में होती तो स्थिति गंभीर हो सकती थी और बड़ा हादसा होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता था।

**शॉर्ट सर्किट की आशंका, जांच जारीः** दमकल विभाग के अनुसार आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट को आग का संभावित कारण माना जा रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। आग में पूजन सामग्री, फर्नीचर और अन्य सामान पूरी तरह जल गया है। प्रशासन और संबंधित विभाग नुकसान का आकलन कर रहे हैं।